तापमान

अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 5 मई 2025

12 बराड़ा की पहचान बनेगा महाराजा अग्रसेन द्वार



12 शिविर में 46 मरीजों के रक्तचाप और शुगर की जांच



## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर के ट्रक अड्डे के नजदीक ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हिमाचल के पांवटा साहिब की भूपपुर तिब्बत कॉलोनी निवासी मायाराम ने बताया कि उसका छोटा भाई राकेश कुमार उर्फ सोनू ट्रक अड्डा यमुनानगर में काम करता था। सुबह उसे सूचना मिली थी कि राकेश ट्रक की चपेट में आ गया है और उसकी मौत हो गई है। वह मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### अवैध हथियार बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम रिफाइनरी टाउनशिप गेट नंबर दो के सामने किराना दुकान संचालक विनोद पुत्र मूलकी राम निवासी बांसा करनाल हाल निवासी गांव ददलाना जिला पानीपत पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में आरोपियों मनीष उर्फ बिहारी निवासी कुताना व शुभम निवासी सरफाबाद माजरा करनाल को अवैध हथियार बेचने के आरोपी निशांत निवासी गांव रानीला दयालपुर जिला सहारनपुर को, वहां की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। वहीं विनोद की शिकायत पर थाना सदर में आरोपियों पर बीएनएस की धारा 109(1), 3(5) व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### बाइक चोरी के आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस की टीम यूपी की मुजफ्फरनगर जेल में बंद बाइक चोरी के आरोपी याकूब उर्फ कोबरा निवासी गांव सिकरी जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। वहीं, थाना बापौली प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना बापौली में राकेश पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव बापौली जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### ठेकेदार पर मनमानी करने का लगाया आरोप

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह स्थित रोडवेज बस स्टैंड की वाहन पार्किंग में वाहनों को पार्क करने की किराया लिस्ट नहीं लगी है। वहीं यात्रियों प्रताप, अनुज, मनु, तरूण आदि ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार वाहन पार्किंग के मनमाने रेट वसूल कर रहे हैं। कोई विकल्प न होने से वे मनमाने रेट देने को मजबूर हैं। उन्होंने रोडवेज के महाप्रबंधक से मांग की है कि वाहन पार्किंग में व्हीकल के खडे. करने के रेट निर्धारित कर उसकी लिस्ट लगवाई जाए, ताकि ठेकेदार की मनमानी बंद हो सके और यात्रियों को परेशानी न उठानी पड़े।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने रादौर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

# महान पुरुषों ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने का किया प्रयास:राणा

### महाराणा प्रताप जयंती समारोह के लिए किया लोगों को आमंत्रित

- महाराणा के जीवन चरित्र से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि महान पुरूषों ने सदा ही समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया है। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को रादौर क्षेत्र के दर्जन भर गांव में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर गांव सालवन में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में पहुंचने के लिए लोगों को आमंत्रित करते हुए कहे। इस दौरान उनके साथ असंध विधानसभा से भाजपा के विधायक जोगिंद्र सिंह राणा भी मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को गांव अंटावा, लालछप्पर, जठलाना, उन्हेडी, नागल, तिगरा व कमलपुर आदि गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों को 9 मई को जिला करनाल के गांव सालवन में महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आमत्रित किया। उन्होने बताया कि राज्यस्तरीय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे। इस अवसर पर असंध के विधायक जोगिंदर राणा ने कहा कि इस बार गांव सालवान में वीर शिरोमणि माहाराणा प्रताप जयंती राज्यस्तर पर मनाई जायेगी। महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए कभी किसी से कोई समझौता नहीं किया। उनके जीवन चरित्र से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।



यमुनानगर। उन्हेड़ी में सालवन के राज्यस्तरीय समारोह के लिए लोगों को आमंत्रित करते हुए कृषि मंत्री व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जिला परिषद करनाल के चेयरमैन सोहन सिंह राणा, अग्नि विजय, संदीप राणा, आदेश राणा, मोहित राणा उन्हेड़ी, मोहर सिंह राणा, गुरदीप राणा, दीपक राणा सारण, जंगशेर मास्टर, रामबीर राणा, राजिंदर राणा व नरेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

# पांच केंद्रों पर 2352 छात्रों ने दी नीट यूजी की परीक्षा



- तीन सेंटर अंबाला कैंट में और दो अंबाला शहर में बनाए गए
- परीक्षा केंद्रों के अंदर और बाहर पुलिस सुरक्षा के कड़े रहे प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रविवार को पांच सेंटरों पर नीट यूजी 2025 की परीक्षा हुई। इसमें तीन सेंटर अंबाला कैंट में और दो अंबाला शहर में बनाए गए हैं। परीक्षा दोपहर दो से पांच बजे तक चली। इस दौरान दिव्यांग अभ्यर्थियों को छूट देते हुए एक घंटा अतिरिक्त यानी दोपहर दो से छह बजे तक दिया गया है।

कुल 2352 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा के दौरान पांचों सेंटरों के बाहर और अंदर पुलिस के कर्मचारी तैनात की गए है। प्रत्येक सेंटर पर एक स्ट्रांग रूम बनाया गया है जोकि पुलिस की निगरानी में है। इसके साथ ही सीसीटीवी और जैमर के प्रबंध भी किए हैं। पांचों स्कूल के प्राचार्य को ही केंद्र अधीक्षक की कमान सौंपी गई थी ताकि परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाएं समुचित ढंग से उपलब्ध करवाई जा सकें। नीट यूजी की परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की गई है। परीक्षा केंद्र के बाहर सुबह ही अभ्यर्थियों की भीड़ जमा हो गई। केंद्र के बाहर पुलिस फोर्स ने व्यवस्था संभालते हुए चेकिंग कर अभ्यर्थियों को अंदर भेजा गया। बलदेव नगर थाना के पास परीक्षा केंद्र की तरफ जाने वाले रास्ते को भी बंद किया गया था।

# सीआईएसएफ का दरोगा बताकर चिकित्सक से ठगे सवा लाख रुपये

- चिकित्सक के पंचकूला फ्लैट को रेंट पर लेने के बहाने हुई ठगी
- गूगल पे पर पासवर्ड डालते ही ट्रांसफर हो गए रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के एक चिकित्सक से उसका पंचकूला स्थित फ्लैट रेंट पर लेने के बहाने साइबर ठग ने खुद को सीआईएसएफ का सब इंस्पेक्टर बनकर सवा लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने चिकित्सक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जगाधरी के सेक्टर 17 निवासी डॉ. दिपन जैन ने थाना साइबर क्राइम में दी शिकायत में बताया कि उनका एक फ्लैट पंचकूला में है, जिसे वह रेंट पर देना चाहते हैं। किराये पर फ्लैट लेने के लिए उनके मोबाइल पर किसी व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने अपना परिचय अनिकेत विजय बताया। साथ ही कहा कि वह सीआईएसएफ में सब इंस्पेक्टर है और अहमदाबाद में पोस्टिंग थी लेकिन अब उसका ट्रांसफर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हो गया है। इसलिए फ्लैट किराये पर चाहिए।

### 35 हजार रुपये रुपये प्रतिमाह किराया तय

इस दौरान चिकित्सक और कथित सीआईएसएफ दरोगा के बीच 35 हजार रुपये रुपये प्रतिमाह किराया तय हो गया। उन्होंने आरोपी की बात में आकर जैसे ही अपना पिनकोड डाला तो उनके खाते से 50 हजार रुपये कट गए। इसके बाद ठग ने दोबारा 49 हजार 995 रुपये का मैसेज दूसरे खाते से भेज कर उससे भी 25 हजार रुपये निकाल लिए। ऐसा करके आरोपी ने उनके खाते से सवा लाख रुपये निकालकर ठग लिए। इसके बाद उन्हें अहसास हुआ कि साइबर ठगों ने उनके साथ ठगी कर ली है। उन्होंने तुरंत साइबर टोल फ्री नंबर पर शिकायत दी और अब थाना साइबर क्राइम पुलिस में शिकायत देकर केस दर्ज कराया।

**खाता नंबर मांगा**

एडवांस किराया देने के लिए साइबर ठग ने खाता नंबर मांगा और अपने मोबाइल से कॉल कर बताया कि वह पहले पांच रुपये जमा कराएगा। जिसकी कंफर्मेशन होने के बाद ही बाकी रकम डालेगा। इसके बाद आरोपी ने पांच रुपये ट्रांसफर कर दिए। शिकायतकर्ता डॉ. दिपेन ने बताया कि इसके बाद ठग ने उनके गूगल पे पर 50 हजार रुपये का मैसेज भेज दिया।

### फ्रांस से अढ़ाई माह बाद घर पहुंचा पिहोवा के युवक सुशील का शव

**कुरुक्षेत्र/पिहोवा।** पिहोवा की पूजा कॉलोनी के रहने वाले सुशील कुमार का शव फ्रांस से करीब अढ़ाई माह बाद घर पहुंचा है। जनवरी 2024 में फ्रांस गए सुशील की संदिग्ध मौत हो गई थी, जिसकी परिजनों को गत 16 फरवरी को सूचना मिली थी। अब शव घर पहुंचा तो परिवार बिलख उठा। परिवार को सूचना मिली कि सुशील ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया, लेकिन परिजन इस पर यकीन नहीं कर पा रहे थे। अभी भी सुशील की मौत की वजह सामने नहीं आई है।

एडवोकेट अनिल बागड़ी ने बताया कि रात 11 बजे उनके भतीजे सुशील का शव दिल्ली पहुंचना था, मगर प्लेन 3 घंटे देरी से आया। सुबह करीब 9 बजे वे सुशील का शव घर लेकर आ गए थे। सौरव ने अपने छोटे भाई सुशील के शव का अंतिम संस्कार किया।

# पेंशनर्स को तुरंत मिले कैशलेस सुविधा का लाभ : बड़शामी

- हरियाणा पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों की रादौर में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा पेशर्नस वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों की रादौर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने की। बैठक में कांबोज सबा के पूर्व प्रधान ज्ञानचंद कांबोज के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वहीं, पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए निर्दोष 26 नागरिको की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

एसोसिएशन के प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने कहा कि हरियाणा पैंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पिछले लंबे समय से सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगो को लेकर संघर्ष कर रही है। मगर अभी तक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई हैं। उन्होंने सरकार से 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर 5,10 व 15 प्रतिशत बेसिक लाभ दिए जाने, मेडिकल भत्ता 3 हजार रुपये किए जाने, कैशलेस सुविधा को पूरी तरह लागू किए जाने,कोर्ट के निर्णय सभी पर लागू किए जाने, पारिवारिक पेंशन पाने वालो को एलटीसी दिए जाने, डीए बढोतरी 18 मास की दिए जाने की मांग की।

साथ ही उन्होंने दो प्रतिशत डीए पर असंतोष प्रकट किया गया। इस अवसर पर मास्टर बलजीत रोहिला, रामचंद्र सैनी, बीर सिंह, अमृतलाल, रामेश्वर दास, राजपाल, राजकुमार, चावनदास व योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर में हुई बैठक में भाग लेते पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य।

### धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** थाना शाहाबाद की पुलिस टीम ने फाइनेंस कम्पनी के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में सोनू वासी बडनपुर जिला जींद को गिरफ्तार कर अदालत से 1 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया ।


प्रवीन कुमार वासी जडौली जिला करनाल ने बताया कि उसने 2016 में नई कार करनाल एजेंसी से कोटक महिन्द्रा प्राइम कम्पनी से फाइनेंस पर खरीदी थी। 26 जनवरी 2025 को अम्बाला से वापस अपने घर आ रहा था। शाहबाद के पास एक कार ने उसका रास्ता रोक लिया जिसमे 4/5 लडक़े बैठे थे। उन्होंने बताया कि उसने कार की किस्तें नही भरी हैं जिस वजह से उसकी कार को फाइनेंस कम्पनी ने जब्त करने के लिए कहा है। वह लड़के उसकी कार को शरीफगड के पास मछरौली रोड पर बने बैक पार्किंग यार्ड ले गये और वहां पर उसका मोबाइल फोन व कार की चाबी भी छीन ली। उसके बाद वह घर आ गया और 25 हजार रुपए भरकर अपनी गाड़ी छुड़वाई। बाद में उसको पता चला कि आरोपियों के पास किसी फाइनेंस बैंक का कोई लाइसेंस नहीं है और ना ही उन्होंने उसके दिये गए पैसे फाईनैंस कम्पनी में जमा करवाए हैं।

# गुरनाम सिंह चौथी बार बने सैनी समाज सभा के प्रधान

- विरोधी सुभाष सैनी सैंसा के पैनल का कोई भी प्रत्याशी नहीं जीता

**कुरुक्षेत्र।** गुरनाम सिंह सैनी चौथी बार सैनी समाज सभा के प्रधान निर्वाचित हुए हैं। गुरनाम सैनी के पूरे पैनल ने चुनाव में बाजी मारी है। गुरनाम सैनी के विरोधी सुभाष सैनी सैंसा के पैनल का कोई भी प्रत्याशी जीत दर्ज नहीं कर पाया है। गुरनाम सिंह ने चौथी बार सैनी समाज सभा का प्रधान बनने पर लोगों का आभार जताया है।

उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे समाज के सभी लोगों को साथ लेकर समाज के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। चुनाव अधिकारी एमसी हालु ने बताया कि कॉलेजियम के 121 में से 120 वोट पोल हुई। प्रधान पद पर गुरनाम सिंह सैनी को 72 वोट मिले। उनके विरोधी सुभाष सैनी सैंसा को 48 वोट मिले। 24 वोटों के अंतर से प्रधान पद पर गुरनाम सैनी विजयी रहे। उप प्रधान पद पर भी गुरनाम पैनल के उम्मीदवार गुरमीत सिंह कलाल माजरा ने 34 वोट के अंतर से जीत दर्ज की। गुरमीत सिंह को 76 वोट मिले। विरोधी सुरेश खैरी को 42 वोट मिले। महासचिव पद पर गुरनाम पैनल के अवतार सिंह प्रतापगढ़ को लगातार दूसरी बार कमान मिली। उन्होंने विरोधी प्रत्याशी सरजंट भिवानीखेड़ा को 44 मतों से हराया। सह सचिव पद पर गुरनाम पैनल के रामस्वरुप रतगल ने 15 वोट के अंतर से जीत दर्ज की। रामस्वरुप को 67 वोट मिले। विरोधी जसबीर को 52 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद पर भी गुरनाम पैनल के जयपाल कलाल माजरा ने 18 वोट से जीत दर्ज की। जयपाल को 69 वोट मिले। जबकि विरोधी नरेश कुमार खेड़ी ब्राह्मणा को 51 वोट मिले।



### जनसभा में सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# झूठे वादों की गाड़ी चला रही भाजपा सरकार

- डंबल इंजन सरकार पर पंजाब का एक इंजन ही पड़ गया भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस की ओर से रविवार को संविधान बचाओ अभियान का आागाज किया गया। अंबाला शहर से शुरू हुए इस अभियान पर पहले तो सभी नेताओं ने पहलगाम में शहीद हुए नागरिकों को 2 मिन्ट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी।

जनसभा में भारतीय जनता पार्टी सरकार पर करारा हमला करते हुए लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा,प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और कार्यक्रम के आयोजक अंबाला शहर के विधायक व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने जल संकट, संवैधानिक संस्थाओं की स्थिति और जन अधिकारों को लेकर भाजपा की दोहरी नीतियों को घेरा। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा पर सवालों की बौछार करते हुए कहा, "प्रदेश की दोहरी इंजन सरकार पर पंजाब का एक ही इंजन भारी कैसे पड़ गया? अगर चंडीगढ़ वाला इंजन बंद है तो दिल्ली वाला इंजन पानी क्यों नहीं खींच पा रहा? उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एसवाईएल नहर जैसे अहम मुद्दे पर भाजपा सरकार का ढुलमुल रवैया ही किसानों की बदहाली का कारण बना हुआ है। हुड्डा ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग करते हुए कहा कि सभी सांसदों को लेकर प्रधानमंत्री से मिलने का समय लिया जाए। उन्होंने कहा, "हम पिछले साढ़े नौ साल से प्रधानमंत्री से मिलने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन यह सरकार सिर्फ झूठे वादों की गाड़ी चला रही है। पटरी पर कोई काम नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने संविधान की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा, "देश में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल है। संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को गिराया जा रहा है और नफरत की राजनीति का बोलबाला है। वही लोग संविधान की दुहाई दे रहे हैं, जिन्होंने कभी इसकी प्रतियां जलाई थीं।

बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेड़कर ने जिस संविधान के माध्यम से सबको बराबरी का अधिकार दिया था उसी की मूल भावना को कुचला जा रहा है। कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। जनता को जागरूक कर इस तानाशाही सोच के खिलाफ खड़ा करेगी।



अंबाला। संविधान बचाओ अभियान के दौरान मौजूद कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

**नीतियां खोखली : निर्मल**

पूर्व मंत्री एवं अंबाला शहर विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा जो सरकार प्रदेश का पानी पंजाब के चरणों में बहा रही है वह अब प्रदेश के हक पर मगरमच्छी आंसू बहा रही है। भाजपा का हर वादा सिर्फ भाषणों तक सीमित है जमीन पर कुछ नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "पानी पर सियासत करने वाली भाजपा अब खुद राजनीतिक प्यास से सूख रही है। यह सरकार न पानी बचा सकी न भरोसा। न ही संवैधानिक मर्यादा। चुपचाप पंजाब के आगे झुक जाने वाली सरकार को प्रदेश की जनता जल्द जवाब देगी।

### नौल्था गांव में साधु की गला रेत कर हत्या

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था में नेशनल हाईवे पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने पीर बाबा की मजार पर रहने वाले एक साधु की शनिवार की रात को गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने साधु का शव कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि मृत साधु का ना सत्य नाथ उर्फ सत्यवान था और वह मूल रूप से गांव मोहाना तहसील सफीदों जिला जींद का निवासी था। साधु सत्य नाथ उर्फ सत्यवान पिछले 10 सालों से यहां डेरे पर रह रहा था। वह हर रोज हाई वे पर खड़ा हो कर प्रसाद बांटता था ओर जेष्ठ माह में धुनी लगा कर तपस्या भी करता था। सर्दियों में जल समाधि लगा कर जलधारा करता था। बाबा के पास हर रोज श्रद्धालुओं आते थे। वहीं, साधु सत्य नाथ उर्फ सत्यवान की हत्या से गांव नौल्था के ग्रामीणों में रोष है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# विश्व हास्य दिवस मनाया



पानीपत। योग कक्षा में विश्व हास्य दिवस पर हंसते हुए साधक।

- भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा शहर और सभी तहसीलों में विभिन्न स्थानों तथा पार्कों में योग कक्षाएं तथा शिविर आदि चलाकर योग और प्राणायाम करते हुए सबको स्वास्थ्य प्रदान करने का कार्य है लगातार कर रही है। यह जो कक्षाएं निःशुल्क चलाई जाती हैं। इन कक्षाओं में योग प्राणायाम के अलावा आहार खान पान जड़ी बूटियां तथा प्रकृति को उपचार के बारे में भी जानकारी दी जाती है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि आज विश्व हास्य दिवस है और हमारी योग कक्षाओं तथा शिविर में रोजाना हास्य योग कराया जाता है। सभी योग साधक, शिक्षक, कार्यकर्ता रोजाना खूब ठहाके लगाकर अपनी बीमारियों को दूर करते हैं। हंसी हर इंसान के लिए सबसे सरल लेकिन सबसे शक्तिशाली उपहार है। इस कड़ी में आज किला पार्क में चलाए जा रहे योग शिविर के समापन दिवस पर भी आज हास्य योग कराया गया। भारत स्वाभिमान के प्रभारी शीशपाल ने एक्यूप्रेशर तथा खान-पान के बारे में विस्तार से बताया। योग शिक्षक एवं तहसील प्रभारी बलवान सिंह ने सूक्ष्म व्यायाम यौगिक जॉगिंग तथा योग करने के फायदे बताएं। योग शिक्षिका रेखा सेतिया ने प्राणायाम के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर बलबीर शर्मा, सुनील कुमार, रामकिशन शर्मा, रोशन प्रजापत, राजेश, रेखा सेतिया, सुषमा, अनीता बंसल, ममता, नीतू, अंजू शर्मा, सीमा, अर्चना तथा बिंदु आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भगोड़ा आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**यमुनानगर।** जिला पुलिस के पीओ स्टाफ ने आपराधिक मामलों में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीओ स्टॉफ के प्रभारी उप निरीक्षक राजपाल ने बताया कि उन्होंने भगोड़े आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए मुख्य सिपाही संदीप सिंह, सुनील, अश्विनी व महावीर की टीम बनाकर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने भगोड़ा घोषित किए गए सहारनपुर जिला के शाहपुर निवासी आरोपी साजिद अली व कुतुबपुर निवासी उस्मान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**यमुनानगर।** युवती एक युवक पर शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगाधरी निवासी 26 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब एक साल पहले उसकी मुलाकात गांव होली निवासी रजत के साथ हुई थी। इसके बाद उनके बीच मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान आरोपी रजत ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म कर लिया। बाद में आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। अब उसने आरोपी को शादी करने की बात कही तो वह आनाकानी करने लगे। उसने जब शादी करने का दबाव बनाया तो उसने साफ मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसका मेडिकल करवाने के बाद आरोपी रजत के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

अवैध खनन एवं परिवहन रोकने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धः गुप्ता

# खनन विभाग की संयुक्त टीमों ने 2145 वाहनों की चेकिंग कर 4 वाहन किए सीज

- सीज किए गए चारों वाहनों पर लगाया 17 लाख 4 हजार रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर कार्रवाई करते हुए विभागीय टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिले में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा संयुक्त रुप से चलाए जा रहे अवैध खनन रोकने व नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर की जा रही कार्रवाई लगातार जारी है। इस कार्रवाई के चलते जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा 2145 वाहनों की चेकिंग कर 4 वाहन सीज किए गए और उन पर 17 लाख 4 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1442 वाहनों की चेकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 269 वाहनों की चेकिंग के दौरान 4 वाहन सीज कर 17 लाख 4 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 281 वाहनों की चेकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 153 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएमए पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है। कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### अवैध खनन रोकने के लिए की जा रही कड़ी कार्रवाई

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं, नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।



**यमुनानगर।** अनाज मंडी में बिकने के लिए पहुंची गेहूं की ढ़ेरियां लगाते हुए मजदूर।

अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद जारीः उपायुक्त

## अब तक तीन लाख दो हजार 445 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला की सभी अनाज मंडियों में गेहूं की आवक जोरों से चल रही है। सभी अनाज मंडियों में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुचारू रूप से गेहूं को नखरीदा जा रहा है। अब तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में तीन लाख दो हजार 445 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की अनाज मंडियों में खरीदी गई कुल गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1 लाख 12 हजार 69 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 1 लाख 57 हजार 273 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 33 हजार 103 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि चालू रबी सीजन में बिलासपुर अनाज मंडी में 32 हजार 525 मीट्रिक टन, छछरौली मंडी में 38 हजार 183 मीट्रिक टन ,गुमथला राव मंडी में 7 हजार 303 मीट्रिक टन, जगाधरी मंडी में 44 हजार 120 मीट्रिक टन, जठलाना मंडी में 5 हजार 110 मीट्रिक टन, खारवन मंडी में 5 हजार 480 मीट्रिक टन, प्रताप नगर मंडी में 46 हजार 759 मीट्रिक टन व सरस्वती नगर में 41 हजार 592 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। वहीं, रादौर में 41 हजार 454 मीट्रिक टन, रणजीतपुर मंडी में 11 हजार 273 मीट्रिक टन, रसूलपुर मंडी में 8 हजार 751 मीट्रिक टन , साढौरा मंडी में 19 हजार 608 मीट्रिक टन व यमुनानगर मंडी में 287 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

## सरकार के जातिगत जनगणना करने के निर्णय की सैनी समाज ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- सैनी सामाज रादौर के सदस्यों की आयोजित हुई बैठक

सैनी समाज रादौर के सदस्यों की बैठक रविवार को कस्बा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने की। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना करवाए जाने के निर्णय की सराहना की। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना करने का निर्णय लेकर सराहनीय कार्य किया है। इससे हर जाति वर्ग को फायदा होगा। भारत में जातिगत जनगणना एक महत्वपूर्ण मुद्दा हैए जो सामाजिक और आर्थिक नीतियों को आकार देने में मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने का निर्णय सराहनीय कार्य है। जातिगत जनगणना के माध्यम से भाजपा सरकार को विभिन्न जातियों की जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी मिल सकती है। जातिगत जनगणना करने से ओबीसी समाज को काभी लाभ होगा। क्योंकि ओबीसी समाज की संख्या 40 से 60 प्रतिशत है।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित सैनी समाज की बैठक में भाग लेने जाते हुए सैनी समाज के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली के तारों से ओड कॉलोनी के लोग परेशान, हटवाने की मांग

- ओड कॉलोनी के संबंधित पार्षद व अन्य लोगों ने बिजली निगम के एसडीओ से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर की ओड कॉलोनी में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाए जाने के लिए कॉलोनी के लोग एसडीओ प्रदीप बलौडी से मिले। उन्होंने उनके घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाए जाने की मांग की। ओड कॉलोनी के दर्जन भर लोग पार्षद राजीव आर्य सन्नी, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया व पार्षद प्रतिनिधि सुदेश सैनी के नेतृत्व में बिजली निगम के कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निगम के एसडीओ बिजली निगम प्रदीप बलौडी को अवगत करवाया कि कॉलोनी के कई लोगों के घरों की छतों के ऊपर से बिजली की तारें गुजर रही हैं। जिनसे कोई बड़ा हादसा होने का डर सता रहा है। कॉलोनी के लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द सरकार व प्रशासन बिजली की लाइनों को छतो से हटवाने का काम करे। इस बारे एसडीओ प्रदीप बलौडी ने बताया कि कॉलोनी के लोगों की ओर से दिए गए मांग पत्र को जल्द से जल्द अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। इसमें कुछ समय लग सकता है। अधिकारियों से मंजूरी मिलते ही लाइनो को दूसरी जगह शिफ्ट करवा दिया जाएगा।



**यमुनानगर।** रादौर में बिजली की तारों को छतो से हटवाने की मांग को लेकर एसडीओ से बातचीत करते हुए पार्षद व ओड कॉलोनी के लोग। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

## गुरु आज्ञा में चलने वाले शिष्य के भीतर स्वतः ही दिव्य गुणों का होता है संचारः भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में साप्ताहिक संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को गुरु सेवा के महत्व को बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से गुरु और प्रभु का गुणगान किया। साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि निराकार ब्रह्म जब संपूर्ण सृष्टि के कल्याण हेतु साकार स्वरूप धारण करके अवतरित होता है। तब वह संपूर्ण मानव जाति को अपने आत्म कल्याण एवं आध्यात्मिक उत्थान हेतु एक अवसर प्रदान करता है। जो इस सुअवसर का लाभ उठा लेते हैं वे ही मानव जीवन को सार्थक कर लेते हैं। आज दिव्य गुरु आशुतोष महाराजने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान रूपी आधार हम सभी को प्रदान किया है।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में गुरु के महत्व को बताते हुए साध्वी वंशिका भारती व श्रवण करते हुए साध संगत। फोटो : हरिभूमि

## बिजली उपभोक्ता की नौ को सुनी जाएगी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बिजली उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों का निवारण करने के लिए नौ मई को बिलासपुर के एक्सईएन ओपी डिवीजन यूएचबीवीएन में बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान फोरम के चेयरमैन नरेंद्र बिजली उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनका निवारण करेंगे। उक्त जानकारी हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालन परिमंडल यमुनानगर के अधीक्षक अभियंता पुनीत कुमार ने दी। अधीक्षक अभियंता पुनीत कुमार ने बताया कि उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन नरेंद्र 9 मई को सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक एक्सईएन ओपी डिवीजन यूएचबीवीएन बिलासपुर में आयोजित फोरम में उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करेंगे। फोरम में बिजली से सम्बंधित वह समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी समाधान नहीं हुआ है। उन्हें बिजली उपभोक्ता फोरम में रख सकते हैं। दो साल से पुराने और कोर्ट केस और बिजली की चोरी से संबन्धित केस नहीं लिए जाएंगे।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में प्रोफेशनल फिएस्टा कार्यक्रम

## कृष को मास्टर प्रोफेशनल फिएस्टा व वाणी को मिस प्रोफेशनल फिएस्टा का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग की ट्यूनिक क्लब के तत्वावधान में संस्थान में प्रोफेशनल फिएस्टा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान समेत आसपास के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. गौरव शर्मा ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. गौरव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कॉरपोरेट वॉक से हुई। जिसमें प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके प्रोफेशनल परिधान, शारीरिक भाषा व सहायक वस्तुओं के चयन के आधार पर किया गया। इसके पश्चात चयनित प्रतिभागियों के लिए साक्षात्कार चरण का आयोजन किया गया। जो वास्तविक कॉरपोरेट साक्षात्कार का अनुभव देने वाला रहा। इस दौरान निर्णायक मंडल द्वारा जेएमआईटी के कृष को मास्टर प्रोफेशनल फिएस्टा व एमएलएन कॉलेज की वाणी को मिस प्रोफेशनल फिएस्टा के खिताब के लिए चयनित किया गया।



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथि।



**यमुनानगर।** दशहरा ग्राउंड परिसर में आयजित हुए फुटबॉल मैच में विजेता और उपविजेता बनी टीम पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए।

### मनराज एंड टीम ने जीता दशहरा ग्राउंड फुटबॉल क्लब टूर्नामेंट

- दशहरा ग्राउंड फुटबॉल क्लब द्वारा शहर के दशहरा ग्राउंड में आयोजित

**यमुनानगर।** दशहरा ग्राउंड फुटबॉल क्लब यमुनानगर द्वारा रविवार को शहर के दशहरा ग्राउंड में अंडर 14 व अंडर 16 वर्ग के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला फुटबॉल एसोसिएशन के चीफ पैटर्न सुरेंद्र मोहन ने मुख्यातिथि के रुप में किया। क्लब के प्रधान संजीव दत्ता ने बताया कि टूर्नामेंट में फाइनल मैच मनराज एंड टीम व रियांश एंड टीम के बीच हुआ। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मनराज एंड टीम ने मैच जीत लिया। मौके पर मुख्यातिथि ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर गोल्डी सिब्बल, संत प्रसाद, मोहन लाल व दशहरा ग्राउंड फुटबॉल क्लब के कोच सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सम्मान कार्यक्रम | रोटरी क्लब रादौर द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

फायर ब्रिगेड के कर्मी जान जोखिम में डालकर दूसरो के जीवन व संपत्ति को बचाने का करते हैं काम

## अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस पर रादौर में दमकल कर्मचारियों को किया गयस सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब रादौर द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के अवसर पर कस्बा में कार्यक्रम आयोजित कर दमकल के नौ कर्मचारियों व बस स्टैंड रादौर के इंचार्ज सुनील कांबोज जुब्बल को उनकी बेहतर सेवाओं को लेकर फुलमालाएं पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के मुख्य सलाहाकार डॉ. एससी सैनी व उप प्रधान निर्मल सिंह ने की।

क्लब के मुख्य सलाहाकार डॉ. एससी सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में दमकल विभाग में कस्बा रादौर में तैनात अग्निशमन के कर्मचारी पंकज कुमार, अमित कुमार, सुखबीर सिंह, जनकराज, रविंद्र कुमार, विशाल कुमार,जयदेव, राजकुमार व कमल कुमार को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर आग लगने पर दूसरो के जीवन व उनकी संपत्ति को बचाने का काम करते हैं। ऐसे में कई बार आग लगने पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी हादसे का शिकार होकर अपनी जान गंवा बैठते हैं और कई घायल हो जाते है। ऐसे बहादुर कर्मचारियों के साहस के कारण बहुत से लोगों का जीवन बच जाता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस 4 मई को दुनियाभर में मनाया जाता है। ताकि अग्निशमन कर्मियों को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया जा सके। इस दिन सेवा के दौरान अपनी जान गंवाने वाले अग्निशमन कर्मियों को याद किया जाता है। डॉ.एससी सैनी ने बताया कि 2 दिसंबर 1998 को ऑस्ट्रेलिया में जंगल की आग से लड़ते हुए पांच अग्निशमन कर्मियों की मौत के बाद 4 जनवरी 1999 को महिला ऑस्ट्रेलियाई अग्निशमन कर्मी जेजे एडमंडसन द्वारा एक प्रस्ताव के बाद इसकी स्थापना की गई थी। 2 दिसंबर 1998 को जिलॉन्ग वेस्ट फायर ब्रिगेड के अग्निशामकों ने ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया के लिंटन से जंगल की आग से लड़ने वाले अन्य अग्निशामकों द्वारा सहायता के लिए किए गए आह्वान का जवाब दिया। ठंडी हवा के कारण हवा की दिशा में अचानक बदलाव के कारण पानी की टंकी को फिर से भरने के रास्ते में आग की चपेट में आ गया। परिणामस्वरूप जिलॉन्ग वेस्ट के पांच अग्निशामक मारे गए। साउंड ऑफ की शुरुआत 2002 में हुई थी और इसे हर साल जारी रखा जाता है। अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के माध्यम से अग्नि निवारण तथा अधिक गहन एवं सम्पूर्ण प्रशिक्षण की आवश्यकता को बढ़ावा दिया जाता है तथा इस दिन को कौशल और जागरूकता दोनों बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा जाता है। इस अवसर पर भारत माटिया,मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, मोहित गर्ग, संदीप सैनी, मास्टर गुरचरण सिंह आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर में दमकल कर्मचारियों को सम्मानित करते रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



## ब्रह्मलीन महंत गंगा पुरी ने सदैव गरीबों, वंचित समुदायों की मदद की: लक्ष्मी नारायण पुरी

पिहोवा। ब्रह्मलीन कर्मठ एवं परम श्रद्धा श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर के महंत गंगा पुरी महाराज जी का 84वां प्रकाशोत्सव बड़े ही श्रद्धा एवं उल्लास से छिन्नमस्तिका चिंतपूर्णी धाम अरुणाय में मनाया जाएगा। इस अवसर पर हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का विशेष आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के महंत लक्ष्मी नारायण पुरी ने बताया कि महंत गंगा पुरी महाराज ने सदैव गरीबों व जरूरतमंद लोगों की सेवा कर समाज में अलग ही पहचान कायम की है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन महंत गंगा पुरी महाराज ने जहां गरीबों, बच्चों, वृद्धों, विकलांगों, महिलाओं ओर अन्य वंचित समुदायों की मदद की वही वे इन वर्गों के लिए संसाधन जुटाने, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने का महत्वपूर्ण काम करते रहे। इस अवसर महंत दामोदर गिरी, महंत विवेक पुरी, महंत भीमपुरी, सुभाष चंद रतन, भरथली बंसल, रामकुमार शर्मा, रामपाल मालिक, देव प्रकाश सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सेवा में समर्पित आयुष विवि की जांबाज थैरेपिस्ट सुनंदा जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारी सुनंदा जांगड़ा ने यह साबित कर दिया है कि नारी केवल संवेदना की प्रतीक नहीं,बल्कि साहस, समर्पण और सेवा का जीवंत उदाहरण भी है। विश्वविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग में वर्ष 2022 से बतौर थैरेपिस्ट कार्यरत सुनंदा ने तीन महीने पहले एक हादसे में अपनी जान जोखिम में डालकर एक 16 वर्षीय किशोरी की जान बचाई। 5 फरवरी 2025 की दोपहर करीब 2:15 बजे जब सुनंदा 16 वर्षीय किशोरी को स्टीम थेरेपी देने की तैयारी कर रही थीं, तभी अचानक से मशीन में ब्लास्ट हो गया। कमरे में धुआं भर गया और स्थिति गंभीर हो गई,लेकिन अपनी सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए सुनंदा ने किशोरी को धक्का देकर बाहर निकाल दिया, जिससे किशोरी झुलसने से बच गई। हालांकि इस हादसे में सुनंदा खुद थर्ड डिग्री तक झुलस गईं।

### हादसे में थर्ड डिग्री तक झुलसी, जान जोखिम में डाल बचाई किशोरी की जान

**ऐसे कर्मयोगियों को मैं नमन करता हूं: प्रो.धीमान**

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि सुनंदा जांगड़ा की यह कहानी न केवल प्रेरणास्पद है,बल्कि यह समाज को यह संदेश देती है कि सच्चे कर्मयोगी विपरीत परिस्थितियों में भी अपना धर्म नहीं छोड़ते। सुनंदा का साहस, सेवाभाव और कर्तव्यनिष्ठा विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने जिस धैर्य और समर्पण का परिचय दिया,वह वास्तव में प्रशंसनीय है। यह विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों की ऐसी भावना और निष्ठा को सादर नमन करता है।



कुरुक्षेत्र। थैरेपी करती थैरेपिस्ट सुनंदा।

### बेटे की फ्लाइट से पहले हुआ हादसा

सुनंदा ने बताया कि जिस वक्त यह हादसा हुआ,उसी दिन उनके बेटे की फ्लाइट थी और उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ना था। लेकिन घटना की गंभीरता के कारण उनके बेटे को भी यात्रा स्थगित कर मां की सेवा करनी पड़ी। हादसे के बाद जब तक वह स्वस्थ नहीं हुई, तब तक विश्वविद्यालय प्रशासन और स्टाफ ने उन्हें एक परिवार की तरह सहयोग दिया। सुनंदा का कहना है कि-अगर आज मैं फिर से मरीजों की सेवा कर पा रही हूं तो इसका श्रेय विश्वविद्यालय की सहयोगी भावना और प्रोत्साहन को जाता है।

## खबर संक्षेप

### सीजेएम ने किया उपमंडल शाहबाद कोर्ट का दौरा

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में उपमंडल शाहबाद कोर्ट का दौरा किया। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वहां पर कार्य प्रणाली को देखा तथा मौके पर ही अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है ताकि कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना आए।

### मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक आज

कुरुक्षेत्र। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक 5 मई को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त नेहा सिंह करेंगी। इस बैठक में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व जापानी बुखार जैसी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चर्चा की जाएगी।

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्याम भक्त



कुरुक्षेत्र। खाटूश्याम जी के प्रचार प्रसार को समर्पित नगर की विख्यात संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सलारपुर रोड स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर-आश्रम में खाटूश्याम भव्य जागरण का आयोजन किया जिसमें श्याम भक्त जमकर झूमे इसके साथ ही विशाल भंडारा भी लगाया गया।

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 7 मई को

कुरुक्षेत्र। जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक व डीडीएमसी की बैठक 7 मई को नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर करेंगे। इस बैठक का एजेंडा सम्बन्धित अधिकारियों को भिजवा दिया गया है। सभी अधिकारी पूरी तैयारियों के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने दी है।

### फिट इंडिया फिटनेस अभियान के तहत निकाली साइकिल रैली

# विकसित भारत के लिए नागरिकों को रहना होगा स्वस्थ : गुरविन्द्र सिंह

**साई के सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह ने रैली को दिखाई हरी झंडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। साइकिल रैली को हरी झंडी दिखा रवाना करते साई के सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह।

साई के सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रहना होगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस केवल एक शब्द नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आवश्यक स्तंभ होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य सिर्फ रोग या दुर्बलता की अनुपस्थिति ही नहीं बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति होती है। एक स्वस्थ व्यक्ति रोजमर्रा की गतिविधियों से निपटने के लिए और किसी भी परिवेश के मुताबिक अपना अनुकूलन करने में सक्षम होता हैं। साई के सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह रविवार को साई सेंटर कुरुक्षेत्र में भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले सेवा निवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह, पूजा माडल स्कूल के निदेशक विकासदीप सिंह संधू, डीएसओ मनोज कुमार,साई के वरिष्ठ प्रशिक्षक कुलदीप सिंह वडैच, पूर्व डीएसओ यशवीर सिंह, प्रिंसिपल दीपक सैनी, हाकी कोच नरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, वॉलीबाल कोच राहुल सांगवान, हॉकी कोच साहिल, साइकिलिंग कोच कोमल शर्मा, अरुण चौहान, समाजसेवी विनोद गर्ग ने हरी झंडी देकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया। इस साईकिल रैली ने साई सेंटर और आस-पास के क्षेत्र के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में मनुष्य को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए खेल कूद गतिविधियों में भाग लेने की जरूरत है। इन खेल कूद गतिविधियों के साथ-साथ प्रत्येक मनुष्य को योगा, साईकिलिंग और नियमित रूप से सैर को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। इस प्रदेश के नागरिकों को स्वस्थ रहने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से चलाए जा रहे फिट इंडिया फिटनेस अभियान में भाग लेना होगा। उन्होंने कहा कि पहले एक व्यक्ति कई किलोमीटर की दूरी पैदल अथवा साइकिल से तय करता था, लेकिन आज हम मोटर गाडिय़ों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक कर रहे हैं। ऐसे में फिट इंडिया का महत्व भारत के लिए बढ़ जाता है। आज प्रौद्योगिकी ने हमारी शारीरिक क्षमता कम कर दी है और हमारी फिटनेस की आदत भी छीन ली है। साथ ही हम अपनी परंपरागत कार्यप्रणालियों और जीवनशैली से अनभिज्ञ होते जा रहे हैं, जो हमें स्वस्थ रख सकती हैं।साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया अभियान चलाया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर डीआईपीआरओ डा.नरेंद्र सिंह, पूर्व डीएसओ यशवीर सिंह,हॉकी प्रशिक्षक नरेन्द्र ठाकुर, प्रशिक्षक सोहन लाल, पूनम कुमार, चांदराम, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, समाजसेवी विनोद गर्ग, नरेश सैनी, वीरभान राणा, अजायब सिंह, पीटीआई मनोज, मुनीष धीमान, अग्रसेन स्कूल से विकास और मनप्रीत कौर आदि उपस्थित थे।*

### फिटनेस जीवन का अभिन्न अंग: प्रो. सचदेवा



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने फिट इंडिया - रविवार को साइकिल अभियान के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिठाता विभाग की ओर से सभी शिक्षण विभागों के स्वयंसेवकों के लिए आयोजित साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह साइकिल यात्रा कुलपति निवास से यूनिवर्सिटी मार्केट होते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय पर जाकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि फिटनेस हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। मानसिक और शारीरिक फिटनेस ही हमारी असली संपत्ति है। इस तरह की पहल देखना वाकई अच्छा है, जहां लोग साइकिल चलाने के लिए एक साथ आ रहे हैं और आम तौर पर बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। मुझे खुशी है कि फिट इंडिया ऐसा कर रहा है और मुझे उम्मीद है कि यह आगे भी बढ़ता रहेगा। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति ने सैकड़ों लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. दिनेश राणा, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. चन्द्रकांत, प्रो. दीपक राय बब्बर, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. राजरतन, डॉ. सुखविन्द्र सिंह, डॉ. पूजा, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला सहित शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद थे।

## समाज का वास्तविक विकास महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित: ममता



- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में परिचयात्मक बैठक एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

किसी भी समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब उस समाज की महिलाओं को सशक्त किया जाए और उन्हें समान अधिकार मिले। जब तक महिलाएं समाज में बराबरी का दर्जा नहीं प्राप्त करती, तब तक वह समाज अपने पूर्ण रूप में विकसित नहीं हो सकता। यह विचार सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को चरितार्थ करते हुए भारत विकास परिषद्, मैत्रेयी शाखा, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में, शाखा अध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित परिचयात्मक बैठक एवं सेवा कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान हवन, पौधारोपण, पक्षियों हेतु जल पात्रों की स्थापना, तथा पाठ्य सामग्री वितरण जैसे सेवा कार्य संपन्न किए गए। डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सदियों से नारी सशक्तिकरण के विषय में जागरूकता रही है। नारी के अस्तित्व में ऐसी शक्ति है, जो समाज को हर रूप में प्रभावित करती है। कार्यक्रम के समापन पर वित्त सचिव डॉ. सलोनी पी. दीवान ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मैत्रेयी महिला शाखा की सदस्य डॉ. अंजू चावला, डॉ. सुनीता दलाल, डॉ. अनीता दुआ, डॉ. सुनीता सिरोहा, डॉ. सुमन मेहन्दिया, डॉ. मेघा, डॉ. श्वेता आदि मौजूद थे।

### अब तक 5,56,361 एमटी गेहूं की खरीद

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 56 हजार 361 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 95 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 24 हजार 092 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 201274 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 987 एमटी, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 22008 एमटी गेहूं खरीदा है। उन्होंने कहा कि खादय आपूर्ति द्वारा 92 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 98 प्रतिशत, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 100 प्रतिशत और निजी एजेंसियों द्वारा 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है।

### आज आवश्यक हो गया है शास्त्र और शस्त्र का ज्ञान: हरिओम दास परिव्राजक

कुरुक्षेत्र। ब्रह्मा कॉलोनी स्थित श्रीशिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में रविवार को मासिक यज्ञ आयोजित किया गया। सुबह यज्ञशाला में मासिक यज्ञ अनुष्ठान किया गया जिसमें मुख्य यजमान संजीव कुमार और वरुण यादव सहित आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने आहुतियां दी। इसके बाद इन दिनों पहलगाम घटना से व्याप्त तनाव को लेकर गोष्ठी हुई जिसमें इस नर संहार में शहीद हुए 26 हिंदू सैलानियों की आत्मिक शांति हेतु प्रार्थना की गई साथ ही आत्मरक्षा पर चिंतन किया गया। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि अब वह समय आ गया है कि प्रत्येक हिन्दू सनातनी अपनी आत्मरक्षा के लिए शस्त्र चलाना सीखे और साथ में रखे। उन्होंने कहा कि पहलगाम जैसी घटना हमारे लिए चेतावनी है कि आने वाला समय कितना कष्टकारी है। ऐसे समय में सभी सनातनियों को एकजुट होने की आवश्यकता है। बालक बालिकाओं को बचपन से ही संस्कारों के साथ साथ अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र चलाना सिखाना चाहिए। महिलाओं को भी अपनी आत्मरक्षा के लिए यह आवश्यक है कि वे लाठी इत्यादि शस्त्र चलाना सीखे। जब पूरा हिंदू समाज जागृत हो जाएगा तो विधर्मियो टिक नहीं पाएंगे।



## अधिकारियों की कार्यशैली से नाखुश पार्षद मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

- वार्ड की जनता के हित उनके लिए सर्वोपरि, वार्ड के लोगों के साथ खड़े हैं 24 घंटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 से पार्षद एवं भाजपा नेता सुधीर चुघ ने कहा है कि भ्रष्टाचारियों अधिकारियों की शिकायत मुख्यमंत्री को करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी जनता के कामों में जानबूझकर लापरवाही में देरी करते हैं। , जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में अधिकारियों की धींगामस्ती लोगों के कामों पर भारी पड़ रही है। उन्होंने साफ तौर पर किया कि वे केवल जनता के हितों के लिए ही काम करेंगे। पहले जब वे पार्षद भी नहीं थे तब भी वे वार्ड के लोगों की जनता के लिए 24 घंटे उनके साथ खड़े थे। अब पार्षद बनने के बाद भी वे वार्ड की जनता के साथ खड़े हैं। अधिकारियों को जान लेना चाहिए कि उनके लिए जनता ही सर्वोपरि है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों ने अपनी कार्यशैली नहीं बदली तो वह शिकायत प्रदेश के सीएम नायब सैनी से करेंगे।

### अधिकारी कुंभकरण नींद सोए



उन्होंने कहा कि अधिकारी कुंभकरण नींद सोए हुए हैं। उनका जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। अधिकारी केवल कार्यों को निपटाने में खाना पूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर 32 में कई दिनों से लोगों को पीने के पानी की किल्लत आ रही है। इसको लेकर उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया था लेकिन अधिकारी फोन नहीं उठाते। दूसरी ओर वह समस्याओं का निदान करने के लिए टालमटोल करते हैं।

### स्वतंत्र प्रेस, सशक्त राष्ट्र की पहचान : गुप्ता



कुरुक्षेत्र। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की आत्मा होती है। मीडिया न केवल सूचनाएं पहुंचाता है, बल्कि जनभावनाओं, अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की अभिव्यक्ति का माध्यम भी है। एडवोकेट गुप्ता ने कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखना आवश्यक है ताकि हर नागरिक की आवाज शासन और समाज तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रेस पर किसी भी प्रकार की सेंसरशिप, दबाव या भय का वातावरण लोकतंत्र के लिए घातक है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। एक मजबूत और निष्पक्ष प्रेस, मानव अधिकारों का प्रहरी है। हमें पत्रकारों को सम्मान देना चाहिए और उन्हें स्वतंत्रता के साथ कार्य करने का माहौल देना चाहिए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने सभी पत्रकारों और मीडिया संस्थानों को इस दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि समाज में सच की आवाज बने रहना ही सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म है।



### गुरु मां सरबती देवी की मनाई पुण्यतिथि

कुरुक्षेत्र। माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में आज गुरु माँ सरबती देवी जी की पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई गई। इस अवसर पर सेवक मंडल द्वारा गुरु माँ के जीवन और उनके सेवा-पथ को स्मरण करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि यह गुरु माँ की पंद्रहवीं पुण्यतिथि थी, गुरु माँ माता भद्रकाली की अनन्या उपासिका थीं और उनका सम्पूर्ण जीवन माँ के चरणों में समर्पित था। उनकी भक्ति निःस्वार्थ, जीवन सादगी, तपस्या और कर्मयोग का प्रतीक था। मंदिर में दैनिक दिनचर्या में माँ को पंचामृत से स्नान, श्रृंगार, मंगला आरती, भोग इत्यादि उपरांत ही अन्न-जल ग्रहण करती थीं । मंदिर की सफाई को ही उन्होंने सबसे बड़ा धर्म माना और सभी भक्तों को एक ही मंत्र दिया कि जितना माँ के मन्दिर को साफ-सुथरा रखोगे, चमकाओगे, माँ उतनी ही तुम्हारी किस्मत चमकाएगी। मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने गुरु माँ के जीवन को सेवा, संतोष और प्रेम का महासागर बताया। अध्यक्ष नरेंद्र वालिया ने इस दिव्य अवसर को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि गुरु माँ सरबती देवी जी मंदिर के जीर्णोद्धार की प्रेरणास्रोत थीं और माँ भद्रकाली सेवक मंडल उन्हें कोटि-कोटि नमन करता है। उपाध्यक्ष डॉ एम के मौदगिल ने कहा कि गुरु माँ के आशीर्वाद से ही आज मंदिर में विकास आस्थावान व भक्तिभावपूर्ण तरीके से हो रहा है और कुरुक्षेत्र के घर घर में माँ भद्रकाली विराजमान हो, अपना आशीर्वाद दे रही है। इस पुण्यतिथि पर प्रातः काल गुरुमाता जी की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक किया गया, उन्हें सुंदर वस्त्र व पुष्पमालाओं से सजाया गया।

**कार्यक्रम** | कवि दरबार में पंजाबी साहित्य क्षेत्र की नई पुस्तकों का हुआ विमोचन

# पंजाबी कविता मानवीय भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यमः प्रो. कौशल

**कविता के माध्यम से पुआधि संस्कृति के लुप्त होते रंग के बारे में चिंता व्यक्त की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पंजाबी साहित्य सभा, पंजाबी विभाग, और हरियाणा केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉन्ज में हरियाणवी पंजाबी कवियां दे अंग संग कवि दरबार का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर नरविंदर सिंह कौशल पूर्व, डीन, भाषा एवं कला संकाय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने कहा कि पंजाबी कविता मानवीय भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे कवि दरबारों के माध्यम से नई पीढ़ी में भाषा और संस्कृति के प्रति रुचि पैदा होती है। यह मंच पंजाबी साहित्य की सेवा करने वाले कवियों को नई प्रेरणा प्रदान करता है। कार्यक्रम की शुरूआत में पंजाबी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी अतिथियों, कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि लेखकों की नई पीढ़ी को आगे लाकर हरियाणा का पंजाबी साहित्य विश्व के पंजाबी साहित्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। सुदर्शन गासो, अध्यक्ष, हरियाणा केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा ने स्वागत भाषण देते हुए हरियाणा में साहित्यिक क्षेत्र में पंजाबी की स्थापना की बात करते हुए कहा कि हम सदैव पंजाबी साहित्य और लेखकों की सेवा के लिए तत्पर रहे है। पुस्तक विमोचन के बाद कवि दरबार के युवा कवि गुरदत्त सिंह ने जुझारवादी क्रांतिकारी स्वर में अपनी कविता पढ़ी। कवि डॉ. बलवान औजला ने पुआधि भाषा में अपनी काव्यात्मक कविता के माध्यम से अपनी पुआधि संस्कृति के लुप्त होते रंग के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की।



कुरुक्षेत्र। मुख्य अतिथि प्रो. नरविंदर सिंह कौशल को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### गजल के माध्यम से रिश्तों के टूटने के मुख्य विषय के रूप में किया प्रस्तुत

देविंदर बीबीपुरिया ने अपनी गजल के माध्यम से रिश्तों के टूटने को मुख्य विषय के रूप में प्रस्तुत किया। मंजीत कौर अम्बालवी ने युद्धों के भारी बोझ से बाहर आकर बहुत ही शालीनता के अंदाज में शांति की बात की। गुरदयाल सिंह निमर ने अपनी कविता नारीवादी प्रसंग से शुरू करते हुए देश में नफरत के दौर को खत्म करने की बात कही और सभ्यता/संस्कृति को बचाए रखते हुए धार्मिक लहजे में अपनी रचना प्रस्तुत की। हरियाणा के महान कवि कुलवन्त रफीक ने मध्यकालीन कवियों के हवाले से पंजाबी मातृभाषा की बिगड़ती स्थिति पर बात करते हुए देश-विदेश में पंजाबी मातृभाषा का मान-सम्मान बढ़ाने की बात अपनी कविता के माध्यम से कही। इस अवसर पर प्रो. भगवान सिंह चौधरी, प्रो. महावीर सिंह जागलान, प्रोफेसर परमेश कुमार, डॉ गुरचरण सिंह, डॉ प्रवेश कुमार, कैप्टन परमजीत सिंह, डॉ जसबीर सिंह विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### गेहूं की उठान में तेजी लाएं : उपायुक्त अजय




**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 242736.6 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया हैं। इन मंडियों में अब तक 52324 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 95.8 प्रतिशत के साथ 232628 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

### नेशनल लोक अदालत 10 को लगेगी

**अंबाला।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय व सब डिविजन की अदालतों में 10 मई 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पूर्व मंत्री असीम गोयल बोले महाराजा अग्रसेन समाजवाद, समानता और सेवा के प्रतीक

# बराड़ा की पहचान बनेगा महाराजा अग्रसेन द्वार, भूमि पूजन के साथ हुआ शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

अग्रवाल धर्मशाला परिसर में रविवार को महाराजा अग्रसेन द्वार के निर्माण हेतु भूमि पूजन व शिलान्यास का कार्यक्रम विधिपूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य न केवल महाराजा अग्रसेन की गौरवशाली विरासत को संरक्षित करना था बल्कि समाज में एकता, सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना भी रहा।

इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन एवं महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति अंबाला के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, राजनीतिक नेताओं, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

#### रंगारंग कार्यक्रम ने मोहा मन

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:30 बजे मैजिक शो से हुई, जिसमें बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी आनंद लिया। इसके बाद प्रातः 9:30 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें स्थानीय कलाकारों और स्कूलों के बच्चों ने महाराजा अग्रसेन के जीवन, त्याग और समाज सुधार कार्यों को नाटकों, गीतों और नृत्य के माध्यम से मंच पर जीवंत किया।



बराड़ा। भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि फोटो: हरिभूमि

#### समानता और सेवा के प्रतीक

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक असीम गोयल ने द्वार के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास के दौरान कहा, "महाराजा अग्रसेन समाजवाद, समानता और सेवा के प्रतीक थे। उनका जीवन अब भी वैश्य समाज ही नहीं अपितु संपूर्ण भारतवर्ष के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस द्वार का निर्माण एक सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जीवन जैसा है।उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन अग्रकुल के प्रवर्तक और अग्रवालों की आदि भूमि अग्रोहा के संस्थापक थे। वे विश्व की उन महान विभूतियों में थे जो अपने सर्वजनहिताय कार्यों द्वारा युग-युग के लिए अमर हो जाते हैं। संस्कृत में एक कहावत है – कीर्ति यस्य स जीवति – संसार में जिस का यश है, वही जीवित है और महाराजा अग्रसेन इसी प्रकार की विभूति थे। महाराजा अग्रसेन वर्तमान में हजारों वर्ष पूर्व उत्पन्न हुए किन्तु वे अब भी अपनी प्रजावत्सलता, धार्मिकता,न्याय, श्रेष्ठ प्रवृत्तियों और आदर्शों के कारण जाने जाते हैं। उन्होंने सहकारिता तथा समता के आधार पर एक ईंट- एक रुपया जैसी प्रणाली का प्रवर्तन कर जिस सुखी समाज की स्थापना का आदर्श अपने राज्य में रखा, उसका उदाहरण विश्व में अन्यत्र मिलना कठिन है। वास्तव में वे अपने सत्कार्यों द्वारा युगों युगों तक मानव जाति को प्रेरणा देते रहेंगे और उनके गुणों, आदर्शों व महान कार्यों को काल की सीमा में आबद्ध करना कठिन है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "यह द्वार न केवल बराड़ा के सौंदर्य में वृद्धि करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हमारी संस्कृति, मूल्यों और इतिहास की याद दिलाता रहेगा अन्य प्रमुख अतिथि पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान तथा भाजपा अंबाला के जिलाध्यक्ष मनदीप राणा भी इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ शामिल हुए। सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से पहले भूमि पूजन एवं शिलान्यास में भाग लिया। यह पूजन महाराणा प्रताप चौक के पास वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना की पूर्ण धार्मिक विधि के साथ सम्पन्न हुआ। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विकास सिंगला ने समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा, "यह द्वार समाज की एकजुटता, गौरव और सेवा के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को यह द्वार अपनी जड़ों से जोड़े रखेगा। कार्यक्रम में अंबाला के इलावा आस पास की जगहों से बड़ी संख्या में वैश्य लोग शामिल हुए।

#### छोटे भाई के हिस्से का पानी न रोके पंजाबः गोयल

अंबाला शहर के पूर्व विधायक असीम गोयल ने पंजाब द्वारा हरियाणा राज्य का पानी रोके जाने को लेकर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पंजाब सरकार की पानी रोके जाने की नीति प्रदेश के किसानों के साथ खुला अन्याय है। यह जल बंटवारे के संवैधानिक नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने इस दौरान पंजाब के सीएम भगवंत मान पर तंज कसते हुए उन्हें एक्सिडेंटल सीएम बताया। उन्होंने सीएम भगवंत मान के बारे में कह कि वो स्टैंड अप कॉमेडियन है और वो कॉमेडी अच्छे से करते है। उन्होंने कहा कि वो स्टेज अच्छे से सम्भाल लेते है लेकिन स्टेट संभालना उनके बस की बात नहीं है। उन्होंने पंजाब द्वारा छोटे भाई हरियाणा के पानी रोके जाने को लेकर खूब खरी खरी सुनाई। उन्होंने पंजाब सरकार पर आरोप लगाया कि वह राजनीतिक स्वार्थ के चलते प्रदेश के हिस्से का पानी रोक रही है जिससे प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में सूखे जैसे हालात बन गए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश को उसका हक मिलना चाहिए। यह केवल पानी का मामला नहीं, बल्कि लाखों किसानों की आजीविका और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा से जुड़ा विषय भी है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करे ताकि प्रदेश को उसका वैधानिक हक मिल सके।

#### पहचान बनेगा महाराजा अग्रसेन द्वार

इस दौरान मुख्यातिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'महाराजा अग्रसेन द्वार' का निर्माण के प्रवेश द्वार पर किया जा रहा है, जो कि वैश्य समाज की विशेष पहचान ही नहीं बल्कि कस्बे की बड़ी पहचान भी बनकर उभरेगा। विकास सिंगला ने बताया कि बराड़ा में बनने वाला यह द्वार स्वागत द्वार भव्य स्थापत्य कला का नमूना होगा और यह महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। इस दौरान विशाल सिंगला, पवन गुप्ता, पवित सिंगला, राजेश सिंगला, राजिंदर प्रसाद सिंगला, ज्ञान चंद जैन, बृज मोहन गोयल, श्रवण गोयल प्रधान अग्रवाल सभा, शोभित गर्ग, पंकज गोयल, अनुज गोयल, अजय जैन, देवेंद्र बंसल, कुलदीप गुप्ता, विनय सिंगला, गुलशन गोयल, राजेन्द्र गर्ग, अरविंद गोयल, धीरज गोयल, सुशील सिंगला व अन्य उपस्थित रहे।

# अधोया रोड पर फैली गंदगी बनी बदनामी की वजह, लोग बोले-कब मिलेगा साफ़-सुथरा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

अधोया रोड पर फैली गंदगी अब सिर्फ आंखों को चुभने वाली तस्वीर नहीं, बल्कि एक गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है। जहां एक ओर कचरे के ढेर बदबू फैला रहे हैं वहीं दूसरी ओर यह उपेक्षा लोगों के सब्र का बांध तोड़ने के कगार पर है। सवाल उठने लगे हैं क्या बराड़ा की गिनती कभी साफ़ शहरों में हो पाएगी या यहाँ के लोगों का गंदगी की दलदल में ही दम घुटता रहेगा? लोगों का कहना है कि नगर पालिका सिर्फ काग़ज़ों पर सफाई करती दिखती है लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती हैं। रोज़ाना इस रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चे, बुज़ुर्ग और राहगीर इस गंदगी से परेशान हैं। स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा और प्रशासन की चुप्पी लोगों के गुस्से को भड़का रही है। स्थानीय लोगों का कहना है अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो शांत रहने वाला कस्बा अब सड़कों पर उतरेगा और विरोध करेगा। जनता ने समस्या के हल न होने पर विरोध, प्रदर्शन और आंदोलन की चेतावनी भी दी है क्योंकि यह सिर्फ सफाई का मुद्दा नहीं, सम्मान और अधिकार की लड़ाई बन चुका है।



बराड़ा। अधोया-बराड़ा रोड पर लगे गंदगी के ढेर।

#### आज से क्षेत्र में सफाई कार्य शुरू हो जाएगा

"हमें जनता की चिंता का पूरा अहसास है। हमने गत शनिवार को ही नगरपालिका चेयरमैन और अधिकारियों से बातचीत की है। यहां सफाई का नया टेंडर पास हो चुका है और सोमवार से क्षेत्र में सफाई कार्य शुरू कर दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी मोहल्ला उपेक्षित न रहे। कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं, और अगर लापरवाही जारी रही तो सख्त कार्रवाई तय है।

*- विजय छाबड़ा, नपा सदस्य*

# रिहायशी कॉलोनियों में घरों से कूड़ा कलेक्शन बंद, अब सड़कों पर ही फेंक रहे लोग कूड़ा

- टेंडर खत्म होने के कारण बढ़ी दिक्कत, नए ठेकेदार ने नहीं दिखाई टेंडर लेने में दिलचस्पी
- कई कॉलोनियों में लोग निजी कर्मचारियों से कूड़ा उठवा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

छावनी के रिहायशी इलाकों के घरों से कूड़ा उठाए जाने का काम बंद हो गया है। इसी वजह से अब लोगों को घरों का कूड़ा सड़कों के किनारे फेंकना पड़ रहा है। इस अव्यवस्था की वजह से कई रिहायशी कॉलोनियों में कूड़े के ढेर लग रहे हैं। कुछ कॉलोनियों के लोगों ने कूड़ा उठाने के लिए निजी सफाई कर्मचारियों को रख लिया है।ये लोग कचरे को रेहड़ी से ढो रहे हैं और उन्हें डंपिंग केंद्रों पर डाल रहे हैं। डोर टू डोर कचरा उठाने को लेकर पुराने ठेकेदार ने भुगतान बकाया होने से काम बंद कर दिया है तो नए ठेकेदार निविदा को लेकर रुचि ही नहीं दिखा रहे हैं। इसी कारण एक मई से छावनी में घरों से कचरा नहीं उठ पा रहा है।



अंबाला। सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर। फोटो : हरिभूमि

#### चार माह को बढ़ाया था ठेका

डोर-टू-डोर कचरा इक्ट्ठा करने का ठेका दिसंबर 2024 में खत्म हो गया था। इसे मुश्किल से चार माह के लिए 30 अप्रैल तक बढ़ाया गया। इस दौरान ठेकेदार की लगभग एक करोड़ की राशि भी अटक गई। अब एक मई से डोर-टू-डोर सुविधा का काम बिल्कुल ठप है। डोर-टू-डोर टेंडर के तहत घरों से कूड़ा उठाने का समय सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया था। रोजाना लगभग 110 टन कचरा छावनी के 32 वार्डों से एकत्रित किया जाता था। 2330 रुपये प्रति टन की हिसाब से ठेकेदार को कूड़े को उठाने का भुगतान किया जाता था। ठेकेदार ने लगभग 100 से अधिक कर्मचारियों, 10 सुपरवाइजर और लगभग 40 छोटी गाड़ियां लगाई सभी वार्डों में लगाई थीं।

# 46 मरीजों के रक्तचाप और शुगर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भारत विकास परिषद नगर शाखा ने प्रधान सीए नरेश मित्तल की अध्यक्षता मे स्वास्थ्य जांच शिविर माता वैष्णो देवी मंदिर सेक्टर 10 हाउसिंग बोर्ड अम्बाला शहर मे आयोजित किया। इस कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी गर्ग रहे। उन्होंने बताया कि इस कैंप में डॉक्टर पीडी गुप्ता परामर्श के लिए उपस्थित रहे। 46 मरीजों की जांच की गई। सभी का मुफ्त शुगर और रक्त चाप भी जांचा गया। परिषद के लैब संयोजक राम कुमार ने बताया कि परिषद अगले कुछ महीनों मे कुल 10 दांत जांच शिविर विभिन्न स्कूलों मे आयोजित करेंगी। परिषद का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ दांतों को साफ रखने और सही ढंग से ब्रश करने को प्रेरित करना हैं। कैंप संयोजक आरएन मित्तल ने बताया कि परिषद आज बच्चियों मे एनीमिया को रोकने के लिए गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन में परिषद से डॉ. अंजलि भारती द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराएगी। सेवा प्रमुख राजेश गुप्ता ने बताया कि परिषद के सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों के मध्य पॉजिटिव सोच को बढ़ावा देने को संस्कार शिविर का आयोजन भी करेंगी।



अंबाला। शिविर के दौरान मरीजों को जांचते चिकित्सक।

### जरूरतमंद कन्या की शादी कराई

**बराड़ा।** गांव तंदवाली में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर कल्याण कमेटी और संत बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से एक जरूरतमंद कन्या की शादी संपन्न कराई गई। इस पुनीत कार्य में ट्रस्ट और मंदिर कमेटी ने न केवल शादी की सम्पूर्ण व्यवस्था की बल्कि नवविवाहित जोड़े को आवश्यक घरेलू सामान भी भेंट स्वरूप प्रदान किया। 108 संत सोमदास महाराज ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना को जीवंत रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा पूर्व में भी अनेक सामाजिक कार्य किए गए हैं और भविष्य में भी यह सेवा कार्य इसी भावना से जारी रहेंगे। गांव डेरा सलीमपुर के रामकुमार के पुत्र रमन कुमार और तंदवाली के मंगाराम की पुत्री मुस्कान के विवाह में ग्रामीणों, रिश्तेदारों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। विवाह समारोह में सभी अतिथियों के लिए चाय-पानी व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर संत राजेंद्र दास, सरपंच प्रतिनिधि अजय कुमार, हरकेश चंद, प्रवीण कुमार, हर्ष, अमित, जसमेर, लीलू, रामचंद नंबरदार, गेन चंद सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

#### एडवोकेट हर्ष साहनी ने पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का किया ऐलान

# परिवार की मौत के बाद लावारिस बच्ची को 12वीं कक्षा तक निशुल्क मिलेगी शिक्षा

**अंबाला।** अचानक रिहायशी भवन की छत ढहने से मौत का शिकार हुए परिवार की लावारिस बच्ची को 12वीं तक मुफ्त में पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। जानेमाने एडवोकेट हर्ष साहनी ने इस बच्ची की 12 वीं कक्षा तक की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का ऐलान किया है।

साहनी ने बताया कि बिना मां-बाप की इस बच्ची को वे अपनी तरफ से 12वीं कक्षा तक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षा उपलब्ध करवाएंगे। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अंबाला शहर के मोती नगर में एक परिवार छत ढहने से मलबे में दब गया था।

#### पति-पत्नी व एक मासूम बच्चा दम तोड़ दिया था

परिवार के तीन सदस्य पति-पत्नी व एक मासूम बच्चा दम तोड़ गए थे। जबकि घटना के समय बाहर खेल रही बच्ची हादसे में बाल बाल बच गई थी। एडवोकेट हर्ष साहनी ने बताया कि जब उन्हें इस हादसे का पता चला तो वे तुरंत बच्ची से मिलने पहुंचे। साहनी ने कहा कि 12वीं तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई का जितना भी खर्च आएगा तो वह खुद करेंगे। इस बच्ची को अच्छी शिक्षा देकर बड़ा ऑफिसर बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा। एडवोकेट हर्ष साहनी पीड़ित परिवार के लिए मसीहा बनकर सामने आए हैं। बच्ची के रिश्तेदारों ने कहा कि एडवोकेट हर्ष साहनी का यह अहसान वे जीवन नहीं भूलेंगे। यहां यह बताना भी बहुत जरूरी है कि अदालत में भी वकील हर्ष साहनी पीड़ितों को इंसाफ दिलवाने में कोई कसर नहीं छोड़ते।



अंबाला। पीड़ित परिवार के साथ एडवोकेट हर्ष साहनी।

### दो महिलाओं के कानों से बालियां झपट ले गए बाइक सवार, पुलिस ने दर्ज किए केस

**अंबाला।** ट्विन सिटी में स्नेचिंग की लगातार वारदातें हो रही हैं। पुलिस भी अभी तक इन वारदातों को सुलझाने में नाकाम दिख रही है। बीते रोज यहां दो ऐसी वारदातें हुई। बाइक सवार झपटमार महिलाओं के कानों से सोने की बालियां झपट ले गए। पहली वारदात न्यू शिवालिक कॉलोनी तो दूसरी संगोली गांव में हुई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पहला मामले में बलविंद्र कौर ने बताया कि वह 2 मई की दोपहर को गली में खड़ी थी। तभी एक बाइक सवार हेलमेट पहनकर आया था। अभी वह बातों में लगी हुई थी कि अचानक पीछे से दोनों कानों की बालियों पर झपटा मारकर फरार हो गया। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी भी खंगाले लेकिन आरोपियों का कोई ठोस सुराग नहीं लगा। दूसरा मामला मोहाली के समगोली की रहने वाली महिंद्र कौर ने बताया कि 2 मई की सुबह दोपहर के समय नग्गल गांव में गई थी । वह सेगता गांव की जगह अधोया माजरा की तरफ चली गई थी। जैसे ही वह नेशनल हाइवे-152 डी की तरफ नग्गल सरकारी स्कूल के पास पहुंची तो बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने कानों की बालियां ही झपट ली। शोर भी मचाया लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया। घबराने के कारण वह नंबर भी नहीं देख पाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सभा के पूर्व प्रधानों को भी कार्यकारिणी में मिली जिम्मेदारी

अंबाला सर्कल सैनी सभा की मासिक बैठक का आयोजन

# अंबाला सर्कल सैनी सभा का विस्तार, युवा विंग की जिम्मेदारी आशु को मिली, तीन उपप्रधान बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला सर्कल सैनी सभा की मासिक बैठक का आयोजन सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी की अध्यक्षता में हुआ। इसमें सैनी समाज के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान प्रधान देवेंद्र सैनी ने सभा के संरक्षक सुरजीत सिंह सोंडा, दलजीत सिंह पूनिया व पूर्ण प्रकाश सैनी सहित सैनी समाज के कई जिम्मेदार सदस्यों की मौजूदगी में सभा की कार्यकारिणी समिति का विस्तार किया। बीते 85 वर्षों के इतिहास में पहली बार यूथ कमेटी का गठन कर आशु सैनी को यूथ प्रधान घोषित किया। सभी उपस्थित सदस्यों ने यूथ प्रधान आशु सैनी का फूल मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। तत्पश्चात सभा की सर्वसम्मति से मोहन लाल सैनी, रामचंद्र सैनी व शमसेर सिंह सैनी को उपप्रधान की जिम्मेदारी दी गई। इसी प्रकार मुख्य सचिव कृष्ण सैनी, सचिव बलबीर सैनी, सहसचिव सुरेंद्र सिंह सैनी रूपोमाजरा, सीनियर मैनेजर बलजीत सैनी, मैनेजर सुरेंद्र सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद सैनी को बनाया गया। बलविंद्र सिंह बहबलपुर, रामनाथ सैनी, स्वर्ण सिंह सैनी, कृष्ण लाल सैनी, सुरेंद्र सैनी, निर्मल सैनी, दीपक सैनी, रमेश सैनी, विपिन सैनी, बलजीत सैनी, साधुराम सैनी, रामकुमार सैनी, मेघराज सैनी, चूहड़ सिंह सैनी, हंसराज सैनी, जय सिंह सैनी, देवीचंद सैनी, सुदेश पाल सैनी जेडी सैनी, लीलाराम सैनी, अश्वनी सैनी सहित सभी सदस्यों को सभा के मुख्य सदस्यों की भूमिका में रखा गया। सभा प्रधान देवेंद्र सैनी ने कहा कि अगले 2 वर्षों की कार्यकारिणी को सुचारू रूप से चलाने के लिए इस बार युवाओं को मौका दिया गया ताकि सैनी समाज के युवा समाजहित में बेहतर कार्य कर सकें। युवा शक्ति समाज के उत्थान के लिए अहम भूमिका निभा सके। इस बार विशेष तौर पर एक एडवाइजरी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पूर्व प्रधान ठाकुर सिंह सैनी, पूर्व प्रधान जब्बर चौधरी, पूर्व प्रधान सतीश सैनी, ओपी सैनी, बलबीर सिंह जोधपुर, बलबीर सिंह फौजी, पंचराम सैनी, नैब सिंह सैनी, स्वर्ण सैनी, मनोज सैनी को नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही कोर कमेटी, यूथ विंग, प्रजेज कमेटी, लीगल कमेटी, ऑडिट कमेटी, फाइनेंस कमेटी, पब्लिक रिलेशन एंड मेंबरशिप कमेटी सहित सैनी हाई स्कूल कमेटी की घोषणा भी जल्द की जाएगी।



अंबाला। अंबाला सर्कल सैनी सभा के यूथ प्रधान आशु सैनी का अभिनंदन करते सैनी समाज के लोग।